# एयरोस्पेस एवं रक्षा इकाई नीति के क्रियान्वयन को यूपीडा बना नोडल एजेंसी

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** राज्य सरकार ने रक्षा एवं एयरोस्पेस के क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 'एयरोस्पेस एवं रक्षा इकाई व रोजगार प्रोत्साहन नीति-2024' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को अधिसूचित कर दिया है। इसके अंतर्गत राज्य के छह रक्षा औद्योगिक गलियारों में विकास के केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट नोड में स्थापित किए जा रहे रक्षा औद्योगिक गलियारों में रक्षा उद्योगों की स्थापना की प्रचुर संभावनाएं हैं। इन छह नोड्स के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, स्थानीय उत्पादन और रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि के लिए एसओपी जारी की गई है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को सरकार ने नोडल एजेंसी नामित किया है। एसओपी लागू करने से उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।